भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3753 का उत्तर

नेल्लोर जिला, आंध्र प्रदेश में आरओबी/आरयूबी की स्थिति

3753. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में 11 आरओबी/आरयूबी शुरू किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक आरओबी/आरयूबी की स्थिति क्या है और उसके पूरा होने का संभावित समय क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरि/निचले सड़क पुल संबंधी कार्यों को स्वीकृत करना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा पर प्रभाव, रेलगाड़ियों की गतिशीलता तथा सड़क उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है और इन्हें शुरू किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-24 की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरि/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरि/निचले सड़क पुलों की संख्या
2004-14	4,148 अदद
2014-24	11,945 अदद (लगभग तीन गुना)

01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर 92,692 करोड़ रुपए की लागत से 4,200 अदद ऊपरि/निचले सड़क पुल स्वीकृत हैं, जिनमें आन्ध्र प्रदेश राज्य में 7,309 करोड़ रुपए की लागत पर ऊपरि/निचले सड़क पुल के 248 अदद कार्य स्वीकृत हैं।

वर्तमान में, नेल्लूर जिले में 12 ऊपरि/निचले सड़क पुल कार्य स्वीकृत हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। ऊपरि/निचले सड़क पुलों का ब्यौरा परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

ऊपरि/निचले सड़क पुल कार्यों को पूरा और कमिशनिंग करना विभिन्न कारकों जैसे समपार को समाप्त करने की सहमति देने में राज्य सरकार का सहयोग, पहुंच मार्ग के संरेखण को ठीक करना, सामान्य आरेखण प्रबंधन (जीएडी) को अनुमोदित करना, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, बाधक उपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकारियों से वैधानिक मंजूरी, परियोजना/कार्य स्थल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष के दौरान कार्य के महीनों की संख्या आदि पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना/कार्यों को पूरा करने के समय को प्रभावित करते हैं।

****

दिनांक 18.12.2024 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3753 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट

नेल्लूर जिले में स्वीकृत ऊपरि/निचले सड़क पुल संबंधी कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र. संख्या	समपार संख्या	स्थान/खंड	टिप्पणी
1	158	कावाली यार्ड	ऊपरि सड़क पुल - रेलवे के हिस्से में कार्य पूरा कर लिया गया है। पहुंच मार्ग संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है।
2	113	वेदायपालेम-नेल्लूर	इन स्थानों पर ऊपरि सड़क पुल स्वीकृत कर दिए गए हैं। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है
3	112	वेदायपालेम-नेल्लूर	
4	144	अल्लूरू रोड-बितरागुंटा	
5	128	वेंकटाचलम-तेनाली	ऊपरि सड़क पुल - संशोधित अनुमान तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।
6	107	वेंकटाचलम यार्ड	ऊपरि सड़क पुल - विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और सामान्य आरेखण प्रबंधन तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।
7	102	गुडूर-मनुबोलु	ऊपरि सड़क पुल - संरेखण योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। सामान्य आरेखण प्रबंधन तैयार करना और विस्तृत अनुमान का कार्य शुरू कर दिया गया है।
8	122	पडुगूपाडु यार्ड	ऊपरि सड़क पुल - संशोधित अनुमान तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।
9	177	तेट्टु-उलवापाडु	ऊपरि सड़क पुल - कार्य शुरू कर दिया गया है।
10	155	श्री वेंकटेश्वरपालेम - कावाली	ऊपरि सड़क पुल - कार्य शुरू कर दिया गया है।
11	154	कावाली - श्री वेंकटेश्वरपालेम	ऊपरि सड़क पुल - अनुबंध समाप्त। पुनः निविदा आमंत्रित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।
12	106	गुडूर-विजयवाड़ा	मल्टी ट्रैकिंग परियोजना के अंतर्गत ऊपरि सड़क पुल का कार्य शुरू कर दिया गया है।

*****